प्रति, दिनांक :– / 04 / 2026

श्रीमान लखन लाल देवांगन जी
आबकारी मंत्री छत्तीसगढ़ शासन

विषय :– जन विरोध के चलते 2 वर्ष पूर्व महोबा बाजार कोटा से स्थानांतरित किए गए शराब भट्टी को पुनः उसी स्थान पर खोले जाने का विरोध।

महोदय,

विषयांतर्गत उल्लेख है कि हम सभी कोटा मोहबा बाजार क्षेत्र, रायपुर पश्चिम विधानसभा के मारुति विहार कॉलोनी, श्रीजी टावर, मारुति कुंज, मारुति हाइट, महंत तालाब कृष्णा नगर, ज्योति नगर कोटा के निवासी हैं।

आदरणीय हम सभी मोदी जी की गारंटी और माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के सुशासन वाले छत्तीसगढ़ में चल रही जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए बहुत अच्छे से जीवन यापन कर रहे थे, परंतु हम सभीं का सुख चैन 3 मई 2025 को तब छिन गया जब हमारे निवास से 100 मीटर की ही दूरी में पुनः शराब भट्टी खोल दिया गया। महोदय जी इसका कदापि यह मतलब नहीं कि हम हमारी सरकार के शराब नीति या आपका किसी भी प्रकार विरोध करते हैं, हम सभी का विरोध केवल इस बात से है कि उक्त स्थल से लगभग 2 वर्ष पूर्व स्थानांतरित किए गए शराब भट्टी की जगह पुनः यह दुकान खोल दिया गया जिससे यहां का वातावरण हर प्रकार से प्रदूषित हो चुका है। घनी आबादी क्षेत्र होने के चलते शराबियों के कारण यहां पर आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है। महोदय जी इस शराब दुकान के आसपास लगभग 200 मीटर दूर में मोहबा बाजार चौक एक व्यापारिक संग स्कूली शिक्षा का एकमात्र केंद्र है जहां दो दिन साप्ताहिक बाजार का आयोजन होता है मार्केट जाने के लिए बस्तीवासियों के साथ स्वामी आत्मानंद सरकारी विद्यालय और शुक्रदया विद्या निकेतन में पढ़ने वाले बच्चों का मार्ग भी यही से होकर गुजरता है, इतना ही नहीं तो यहां से 300 मीटर दूर ही आमानाका चौक भी स्थित है जो पूरे प्रदेश का एक बड़ा एजुकेशन और खेल का केंद्र है जहां पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीय संस्थान, विज्ञान महाविद्यालय, विप्र महाविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, स्वामी विवेकानंद स्टेडियम संग पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम स्थित है जहां आए दिन कई प्रकार के राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक तथा आयोजन होते रहते हैं, जो इन शराबियों के चलते प्रभावित होते हैं। वहीं उक्त स्थल से लगभग 100 मीटर दूर ही एक तालाब है जिसकी पचरी पर बैठकर शराबी रात तो रात दिनदहाड़े भी नशे का सेवन करते हैं जिससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इससे पूर्व मोहल्ले वासियों के साथ कई बड़े विवाद हो चुके हैं जिसमें हत्या के प्रयास और हत्या कर एक अजनबी को मारकर तालाब में गाड़ देने की घटना भी घट चुकी है, साथ ही यहां पर्यावरण और स्वच्छता की धज्जियां उड़नी फिर से प्रारंभ हो चुकी है, रेलवे ट्रैक एकदम सटे होने के कारण शराबियों द्वारा नशे में धुत्त होकर उत्पात भी किया जाता है जिससे जान माल का भी खतरा बना रहता है।

महोदय जी छेड़खानी के प्रयास, हत्या लुट तथा चोरी जैसे अपराधों की चरम सीमा पश्चात आसपास के निवासियों जिसमें प्रभावित 5 कॉलोनी और 3 बस्तियों के अलावा कुकुरबेड़ा, डूमर तालाब, शिवाजी नगर, परमानंद नगर, शांति विहार सहित आसपास क्षेत्र में निवास करने वाले जागरूक नागरिकों के विरोध पश्चात लगभग 3 वर्ष पूर्व इन सब परिस्थितियों से हम सभी को तब निजात मिली थी जब यह शराब भट्टी आबादी से दूर स्थानांतरित कर दिया गया। सब कुछ अच्छा चल ही रहा था कि अचानक 3 मई 2025 को यहां पुनः शराब की बिक्री संचालित होने से स्थानीय नागरिकों का अप्रिय घटनाओं से सामना प्रारंभ हो गया जिससे क्षेत्रवासियों में पुनः डर भय व्याप्त है।

अतः यहां की उपरोक्त गंभीर समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस शराब भट्ठी को जल्द ही यहां से सदा के लिए अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करवाने की महान कृपा करें जिससे हम सब प्रभावित नागरिकगण आपके सदा आभारी रहेंगे।

धन्यवाद

निवेदक

समस्त प्रभावित परिवार मारुति विहार कॉलोनी, श्रीजी टावर, मारुति कुंज, मारुति हाईट, महंत तालाब कृष्णा नगर, ज्योति नगर कोटा रायपुर छत्तीसगढ़

संपर्क सूत्र :— 8602723855

प्रतिलिपि

1. **श्री श्रीनिवास राव मद्दी जी**
   अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड
2. **श्रीमान गौरव कुमार सिंह जी**
   कलेक्टर रायपुर
3. **आर. संगीता जी**
   सचिव सह आबकारी आयुक्त

संलग्न :—

1. **मारूति विहार रेसीटेडेन्ट्स वेल्फेयर एसोसिएशन मोहबा बाजार जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) के लेटरपेड में शराब भटटी पुनः खुलने के पूर्व निवेदन स्वरूप दिनांक 11.04.2025 को माननीय क्षेत्रीय विधायक रायपुर पश्चिम श्रीमान राजेश मूणत जी एवं रायपुर कलेक्टर को दिये गये आवेदन की छायाप्रति।**
2. **शराब भटटी खुलने के बाद उपजी समस्या पश्चात समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा दिनांक 27.05.2025 रायपुर कलेक्टर को दिये गये आवेदन की छायाप्रति।**
3. **दारू दुकान खुलने से आसपास चरमराई कानून व्यवस्था को लेकर मारूति विहार रेसीटेडेन्ट्स वेल्फेयर एसोसिएशन मोहबा बाजार जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) के लेटरपेड में दिनांक 05.06.2025 को नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक रायपुर (छ.ग.) को दिये गये आवेदन प्रतिलिपि के रूप में थाना आमानाका, थाना सरस्वती नगर, पार्षद नगर निगम रायपुर श्रीमान अमन सिंह ठाकुर एवं पार्षद श्रीमति रोनिता प्रकाश जगत जी के मोहर सहित मौजुद हस्ताक्षर युक्त की छायाप्रति।**
4. **दो वर्ष पूर्व यहां से हट चुके इस दारू दुकान के पुनः खुल जाने के बाद एक व्यक्ति पर नशडियों द्वारा चाकू से गंभीर हमला किया गया जिसकी पेपर कटिंग दिनांक 06.06.2025.**
5. **20 सितंबर 2025 को लगभग 500 से अधिक आम जनता के द्वारा किए गए शांतिपूर्ण प्रदर्शन में पहुंचे अतिरिक्त तहसीलदार को दिए ज्ञापन की छायाप्रति संग विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित खबर की प्रति।**
6. **इस शराब भट्ठी को पुनः अन्यत्र हटाए जाने के लिए 44 पन्नों में 1145 लोगों द्वारा नाम पता मोबाइल नंबर सहित हस्ताक्षर।**